RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 173 • 05:07:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## कुकी समुदाय से है आरोपी, इसलिए नहीं कराया इलाज

- मणिपुर सरकार पर भड़का सुप्रीम कोर्ट, कहा-हमें आप पर भरोसा नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर की एक जेल में बंद एक विचाराधीन कैदी को महज अल्पसंख्यक 'कुकी' समुदाय से संबंधित होने के चलते इलाज के लिए अस्पताल नहीं ले जाने के मामले का बुधवार



को कड़ा संज्ञान लिया और कहा कि उसे ''राज्य (सरकार) पर भरोसा नहीं है।'' न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने लुनखोंगाम हाओकिप की याचिका पर सुनवाई करते हुए मणिपुर सरकार के खिलाफ सख्त टिप्पणियां कीं। याचिकाकर्ता का कहना है कि उसे बवासीर और तपेदिक है।

## एससीओ सम्मेलन में फिर बाज नहीं आया पाकिस्तान

- शहबाज ने जयशंकर के सामने उगला जहर, बैठे थे पुतिन और जिनपिंग

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की शिखर बैठक में भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के सामने भारत के



खिलाफ जमकर जहर उगला है। आतंकिस्तान बन चुके पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत का नाम लिए बिना गुरुवार को कहा कि बिना किसी शर्त के राज्य आतंकवाद की आलोचना की जानी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि उग्रवाद का सफाया करना आर्थिक विकास की पूर्व शर्त है। पाकिस्तान ने कुछ दिन पहले ही भारत पर आरोप लगाया था कि रा टीटीपी और बलूच आतंकियों को मदद दे रही है।

## अब श्रद्धालुओं को रात में दर्शन नहीं देंगे प्रेमानंद महाराज

- बंद की रात की पदयात्रा, हाथरस हादसे के बाद लिया फैसला

मथुरा (एजेंसी)। हाथरस हादसे के बाद प्रेमानंद महाराज ने मथुरा में अपनी रात की पदयात्रा को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दी है। श्रीहित राधा केली कुंज परिकर की ओर से जारी लेटर में लिखा- हाथरस में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना हृदय विदारक और अत्यंत दुखद है। हादसे में हम सबकी सवेदनाएं परिजनों के साथ हैं। भविष्य में ऐसी कोई भी घटना न घटे, ऐसी ठाकुर जी के चरणों में



प्रार्थना है। प्रेमानंद महाराज ने कहा-कृपया कोई भी श्रद्धालु रात में रास्ते में दर्शन के लिए खड़े न हों। न ही रास्ते में किसी प्रकार की भीड़ लगाएं। इधर, बागेश्वर धाम वाले पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने जन्मदिन पर होने वाले कार्यक्रम को रद्द कर दिया है। इस कार्यक्रम में लाखों की संख्या में लोगों के आने की उम्मीद थी। संत प्रेमानंद महाराज रात 2.30 बजे श्रीकृष्ण शरणम् सोसाइटी से रमणरेती स्थिति आश्रम हित राधा केली कुंज के लिए निकलते हैं। 2 किलोमीटर पैदल चलकर जाते हैं।

# टीम इंडिया पहुंची मुंबई, स्वागत में उमड़ा जनसैलाब





● टीम इंडिया ने पीएम मोदी के साथ किया नाश्ता और ढेर सारी बातें ● साथ ही 2023 के उस घाव पर मरहम लगा

## तिरंगे और ट्रॉफी के साथ विजय रथ पर सवार होकर निकले खिलाड़ी

मुंबई (एजेंसी)। टी-20 वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया ने मुंबई के नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक विजय जुलूस निकाला। टीम इंडिया अपने विजय रथ (ओपन रूफ बस) में सवार होकर 2.2 किमी दूर स्थित वानखेड़े स्टेडियम तक विक्ट्री परेड निकाली। इसके बाद स्टेडियम में सम्मान समारोह में उन्हें 125 करोड़ रुपए का ईनाम दिया गया। हजारों की संख्या में फैंस अपने क्रिकेटर्स के स्वागत के लिए नरीमन पॉइंट पर मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार तीन लाख से ज्यादा फैंस बारिश के बावजूद विश्व विजेताओं के स्वागत के लिए पलक पांवड़े बिछाए इंतजार करते दिखे। बारिश के बावजूद 3 किमी लंबे मरीन ड्राइव पर सिर ही सिर दिख रहे थे, यहां पैर रखने की जगह तक नहीं ती। ऐसे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पुलिस कमिश्नर से बात की और सुरक्षा बढ़ा दी। कई फैंस भारतीय जर्सी में नजर आ रहे थे। वे फूल और ढोल-नगाड़े लेकर पहुंचे।

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया धड़ाधड़ मैच जीत की वनडे वर्ल्ड कप 2023 के खिताबी मुकाबले में पहुंची थी। पीएम मोदी भी अपने नाम पर बने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने पहुंचे। उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के पीएम भी थे, लेकिन उस दिन भारत हार गया था। मैच के बाद पीएम मोदी टीम इंडिया के ड्रेसिंग रूम पहुंचे और प्लेयर्स, कोचिंग स्टाफ को सांत्वना दी। उन्हें संभाला और अब जब टीम इंडिया चैंपियन बनी है तो स्वदेश पहुंचते ही पीएम मोदी ने विश्व विजेताओं का स्वागत किया। इस बार माहौल अलग था। खिलाड़ियों के बीच बैठे पीएम मोदी सभी से हल्के मूड में बात करते दिख रहे थे। टी20 विश्व कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

- **2011 के बाद पहली बार मिली जीत की ऐसी खुशी-** पिछले शनिवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक



प्रशंसक ने कहा, 'हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवान्वित किया है।' उन्होंने दावा किया कि वह सुबह करीब साढ़े चार बजे से हवाई अड्डे पर मौजूद हैं।

- **3 दिन फंसने के बाद स्वदेश लौटे चैंपियन-** बारबाडोस में तूफान 'बेरिल' के कारण विमानों की आवाजाही पूरी तरह बंद होने के कारण भारतीय क्रिकेट टीम खिताब जीतने के तुरंत बाद स्वदेश नहीं लौट सकी। इस दौरान पूरी टीम अपने होटल में रुकी रही। भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कुछ अधिकारियों के अलावा टूर्नामेंट कवर करने गए भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य भी विमान में सवार थे। हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी लेकिन इससे प्रशंसकों का उत्साह कम नहीं हुआ।
- **फैंस ने एयरपोर्ट घेरा, मनाया जश्न-** उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। थके हुए लेकिन उत्साहित खिलाड़ियों ने प्रतीक्षा कर रहे प्रशंसकों का हाथ हिलाकर और गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए अभिवादन किया।

### पीएम मोदी से मिलकर विराट कोहली बोले-आपसे मिलकर गर्व हुआ

पीएम से मीटिंग के बाद विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया- आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत गर्व हुआ। हमें प्रधानमंत्री निवास पर आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर। उन्होंने पीएम मोदी को टैग भी किया। देखते ही देखते तस्वीरें वायरल होने लगीं। कुछ ही देर में लाखों लाइक्स मिल गए। बता दें कि टी20 चैंपियन टीम इंडिया आज बारबाडोस से भारत लौटी, जहां सैकड़ों प्रशंसकों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के बाहर लगातार हो रही बूंदाबांदी और कड़ी सुरक्षा के बावजूद टीम इंडिया का भव्य स्वागत किया।

2014 के बाद पहली बार

## सहयोगियों पर मेहरबान बीजेपी

### कैबिनेट समितियों में दी ज्यादा हिस्सेदारी, सबको किया खुश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने बुधवार को विभिन्न मंत्रिमंडलीय समितियों का गठन किया है। इनमें सुरक्षा, आर्थिक और राजनीतिक मामलों से संबंधित देश की सर्वोच्च निर्णायक समितियां शामिल हैं। एक सरकारी अधिसूचना के अनुसार, सुरक्षा मामलों से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को शामिल किया गया है।



आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी शामिल हैं। इस समिति में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, पंचायती राज एवं मत्स्य पालन मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी शामिल हैं। एचडी कुमारस्वामी जहां जेडीएस के नेता हैं, वहीं ललन सिंह जेडीयू के नेता हैं। संसदीय मामले से संबंधित मंत्रिमंडलीय समिति जो राजनीतिक और आर्थिक मामलों पर फैसले लेती है, उसमें प्रधानमंत्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, पंचायती राज मंत्री ललन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र कुमार, नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू और जुएल ओरांव शामिल हैं।

## फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के आधार पर धड़ल्ले से बन रहा आधार कार्ड

**चाणक्य भूमि बगहा।** बगहा अनुमंडल के विभिन्न जगहों पर जाली जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनाने का काम संचालकों के धड़ल्ले से चल रहा है। इतना ही नहीं बगैर किसी प्रमाण पत्र के 500 से 1000 रुपये में संचालकों के द्वारा आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बगहा एक प्रखंड क्षेत्र में यह फर्जी जन्म प्रमाण पत्र से आधार कार्ड बनाने का कारोबार धडल्ले से फल फूल रहा है। मजबूरी में अभिभावक 500 से 1000 देने को मजबूर है। बताते चलें कि सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में आधार कार्ड अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन बच्चों के आधार कार्ड बनवाने में जन्म प्रमाण पत्र का होना अति आवश्यक है। आधार



कार्ड बनाने के लिए कोई विकल्प नही होने के कारण मजबूरी का फायदा लेने से आधार संचालक बाज नही आ रहे है। इसी कड़ी में बगहा दो के ढंढी में एक महिला अंजू देवी अपने बेटा एवं बेटियों के आधार कार्ड बनाने के लिए जब आधार सेंटर पहुंची तो संचालक के द्वारा दोनों बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र को जाली बताया गया। आधार कार्ड बनाने से इनकार कर दिया गया। सभी अभिभावक अपने बच्चों के लिए आधार कार्ड बनवाने के लिए चिंतित है। लोगों ने बेतिया जिलाधिकारी से इस मामले को अवगत कराने हेतु शोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी दी है। लोगों ने बताया कि इस मामले को गंभीरता पूर्वक जांच करने पर सब कुछ साफ हो जाएगा।

## वे तो चाहते हैं कि मुख्यमंत्री हट जाएं और खुद बन जाएं

- अखिलेश यादव ने यूपी के स्वास्थ्य मंत्री पर लगाए कई बड़े आरोप

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के हाथरस भगदड़ कांड को लेकर योगी सरकार और विपक्षी दल सपा एक-दूसरे पर आरोपों की बौछार कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को एक बार फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यूपी सरकार को इस हादसे का जिम्मेदार ठहराया। अखिलेश यादव ने कहा- हाथरस की घटना किसी तरह की साजिश नहीं है। जब स्वास्थ्य मंत्री खुद ही अपना राजनीतिक स्वास्थ्य ठीक करने में लगे हैं तो विभाग कैसे ठीक होगा। पता नहीं कौन सा विटामिन तलाश रहे हैं। वे तो चाहते हैं कि मुख्यमंत्री हट जाएं और खुद बन जाएं। क्यों बुलवाते हो सीधी बात।



# हाथरस भगदड़ में बड़ा ऐक्शन, 6 लोग गिरफ्तार

### 121 लोगों की हुई थी मौत, मुख्य आयोजक पर एक लाख का ईनाम

**हाथरस (एजेंसी)।** दो जुलाई को हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में 121 लोगों की हुई मौत के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। पुलिस ने सत्संग आयोजक समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी सेवादार पर एक लाख का ईनाम घोषित किया गया है। गुरुवार को पुलिस ने प्रेस कान्फ्रेंस करके ये जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बाबा और बाकी लोगों की भी तलाश की जा रही है। अलीगढ़ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पिछले मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र स्थित फुलरई गांव में आयोजित हरिनारायण साकार विश्वहरि भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले में अब तक दो महिला सेवादारों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि मामले के प्रमुख आरोपी



मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उसके खिलाफ जल्द ही गैर जमानती वारंट भी जारी किया जाएगा। भोले बाबा से पूछताछ या उसकी गिरफ्तारी की सम्भावना के बारे में पूछने पर माथुर ने कहा, आगे किसी की गिरफ्तारी होगी या नहीं, यह विवेचना पर निर्भर करेगा। जांच में आगे किसी की भूमिका निकलकर आयेगी तो कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ेगी तो जरूर पूछताछ की जाएगी। हाथरस जिले के फुलरई गांव में भोले बाबा द्वारा आयोजित सत्संग में मंगलवार को मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी तथा 31 घायल हो गये थे।

## हाथरस जाने की तैयारी में राहुल, पीड़ितों से भी करेंगे मुलाकात

- अखिलेश यादव के भी निशाने पर योगी सरकार, 121 लोगों की गई जान

**हाथरस (एजेंसी)।** हाथरस में नारायण साकार हरि उर्फ सूरजपाल सिंह नाम के शख्स के सत्संग में मची भगदड़ में 123 लोगों की मौत हो चुकी है। इस हादसे पर अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और कहा कि जिम्मेदारी से नहीं भागा जा सकता। अब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हाथरस जाकर पीड़ितों से मिलने की तैयारी में हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी है। वेणुगोपाल ने कहा, यह दुखद घटना है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हाथरस जाएंगे और लोगों से मिलेंगे। पीड़ितों से उनका बात करने का भी प्लान है। इस दौरान उन्होंने मणिपुर के मुद्दे पर प्रधामनंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले डेढ़ साल से पूरा देश इस मुद्दे पर उनके बयान का इंतजार कर रही था। उन्होंने कहा, हमने उनसे मणिपुर के सांसद को सिर्फ पांच मिनट देने का अनुरोध किया कि कम से कम एक बार वह मणिपुर की आवाज को सुने लेकिन वो नहीं माने।



## संक्षिप्त समाचार

### बिसहां गांव में तेंदुआ की चहलकदमी, ग्रामीणों में दहशत

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर।** थाना क्षेत्र के बिसहां गांव में एक सप्ताह से तेंदुआ की मौजूदगी से ग्रामीण दहशत में हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार फिर तेंदूआ का खौफ फैल रहा है। पिछले एक सप्ताह से यहां तेंदुए का मूवमेंट बना हुआ है। ग्रामीणों का दावा है कि गन्ने के खेत में तेंदुआ के पदचिंह देखे गए हैं। ग्रामीणो की सूचना पर वन विभाग भी अलर्ट हो गया है। बताते चलें कि वीटीआर का वनवर्ती गांव होने से यहां आए दिन तेंदुआ और अन्य वन्य जीवों की चहलकदमी देखी जाती रही है। तेंदुआ के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग की रेस्क्यु टीम बिसहां गांव से लगे जंगल में निगरानी कर रही है वहीं ग्रामीणों को जंगल परिक्षेत्र में न जाने सलाह दे रही है। हालांकि वन विभाग की माने तो अभी तक तेंदुए ने किसी इन्सान को नुकसान नहीं पहुंचाया है।वन विभाग की टीम लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणो को सावधान किया जा रहा है।

### नाबालिग को शादी की नीयत से अपहरण करने के मामला

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर।** थाना क्षेत्र के झरहरवा निवासी एक पिता ने वाल्मीकिनगर थाने में आवेदन देकर अपनी 16 वर्षीय पुत्री का शादी की नीयत से बहला फुसलाकर अपहरण कर लेने के मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई है। पिता ने अपने लिखित आवेदन में थाना अध्यक्ष को बताया है कि मेरे पड़ोसी रामायण यादव का पुत्र गुड्डू कुमार बहुत दिनों से मेरी बेटी से बात कर अश्लील हरकत करता था। इसके लिए मैंने उसे चेतावनी भी दिया था। लेकिन नहीं माना। विगत 28 जून को वह मेरे लड़की को आसपास के ही गांव में कहीं छुपा दिया है खोजबीन करने के बाद कुछ भी पता नहीं चला। इस बाबत थाना अध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बाईक चोर सीसीटीवी में हुआ कैद


**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर।** थाना क्षेत्र के विजयपुर तीन आरडी चौक के एक दरवाजा पर से बीती शाम अज्ञात चोर ने एक मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया है। घटना में मोटरसाइकिल सहित चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। घटना के विरुद्ध पीड़ित सुरेश प्रसाद ने थाना में आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि घर के सामने अपनी स्पेलेन्डर मोटरसाईकिल जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 22 एएल 2002 खड़ी कर के अपने निजी कार्य से बाजार गया था। वहां से आते वक्त मैंने देखा कि मेरी मोटर साईकिल मेरे घर के आगे से गायब है। खोज बीन करते हुए मैंने सीसीटीवी फुटेज में पाया कि एक व्यक्ति निली रंग का कपड़ा पहने मेरी मोटर साईकिल को लेकर टंकी बाजार के तरफ निकल गया। सीसीटीवी कैमरा के मुताबिक समय शाम के 5 बन कर 25 मिनट दिखाया। इस बाबत थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस छानबीन में जुट गई है।

### बिहार में 2 साल में 12 ब्रिज गिरे, सुप्रीम कोर्ट में याचिका, राज्य के सभी ब्रिज का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने की मांग

**पटना।** बिहार में बीते 17 दिनों में छोटे-बड़े 11 पुल गिरे हैं। लगातार पुल के गिरने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में पिछले दो साल में 12 पुलों के गिरने का हवाला दिया है। याचिका में कहा गया है कि पिछले दो सालों में दो बड़े पुलों और छोटे मझौले कई पुलों के निर्माणाधीन या बनने के फौरन बाद गिरने, ढहने और बहने की घटनाएं सामने आई हैं। पीआईएल में राज्य में मौजूद और हाल के वर्षों में हुए छोटे बड़े पुलों के सरकारी निर्माण का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने का आदेश देने की गुहार लगाई गई है। याचिका में कहा गया है कि बिहार बाढ़ प्रभावित राज्य है। यहां 68, 800 वर्ग किलोमीटर यानी 73.6 फीसद भूभाग भीषण बाढ़ की चपेट में आता है। सुप्रीम कोर्ट से बिहार के छोटे-बड़े सभी पुलों के गिरने की घटना की जांच कराने की मांग की गई है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट की ओर से सुनवाई की कोई तारीख सामने नहीं है लेकिन, माना जा रहा है कि जल्द ही जनहित याचिका पर सुनवाई करेगा। बिहार में लगातार ढह रहे पुल पर CM नीतीश कुमार ने बुधवार को बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश ने बैठक में निर्देश दिया था कि पुराने पुल का निरीक्षण किया जाए। निर्देश में कहा था कि पुलों के रख-रखाव के लिए मेंटेनेंस पॉलिसी बनाई जाए। पथ निर्माण विभाग ने पुलों की मेंटेनेंस पॉलिसी बना ली है। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग को भी पथ निर्माण विभाग के मेंटेनेंस पॉलिसी के अनुरूप शीघ्र मेंटेनेंस पॉलिसी तैयार करने का निर्देश दिया। सीएम ने यह भी कहा कि पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग पुलों के रखरखाव के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया यानी SOP तैयार कर सभी पुलों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कराए। पथ निर्माण विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग पथों और पुलों के रखरखाव को लेकर सतर्क रहें। लगातार निगरानी करते रहें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बरतने पर जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए।

### बक्सर में स्कूल तो कैमूर में अस्पताल में भरा पानी, सीवान में डूबीं सड़कें, बेतिया में उफान पर गंडक

**पटना।** किशनगंज, मुजफ्फरपुर, बेतिया, बक्सर, जहानाबाद और समस्तीपुर में आज बारिश हुई है। कई जिलों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने भी 17 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बक्सर में लगातार बारिश से नई बजार सहयोगी मध्य विद्यालय में पानी घुस गया है। कैमूर के भभुआ के सरकारी अस्पताल में भी बारिश के चलते पानी भर गया है। बेतिया में गंडक नदी उफान पर है। जान जोखिम में डालकर लोग डेंगी से नदी पार कर रहे हैं। सीवान में भी तेज बारिश की वजह से सड़कों पर पानी भर गया है। नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है बिहार की पांच नदियां लाल निशान के ऊपर बह रही हैं। समस्तीपुर और जहानाबाद में आज सुबह से बारिश हो रही है, वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें 7 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।



### 7 से 28 अगस्त के बीच होगी सिपाही भर्ती परीक्षा

**पटना।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा 7 अगस्त से 28 अगस्त के बीच होगी। इसे लेकर आयोग की ओर से सभी डीएम को पत्र लिखा गया है। सिपाही भर्ती परीक्षा 1 अक्टूबर 2023 को हुआ था। इसका पेपर लीक हुआ था। इसके बाद इस परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। आयोग की ओर से लिखे गए पत्र के अनुसार इस परीक्षा का आयोजन 7, 11, 18,21, 25 और 28 अगस्त को किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12:00 से लेकर 2:00 तक एक पाली में किया जाएगा। सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक में आर्थिक अपराध में खुलासा करते हुए बताया है कि इस पेपर लीक कांड का सरगना भी नालंदा के नगरनौसा का संजीव मुखिया उर्फ लूटन ही है। पेपर एग्जाम के 4 दिन पहले ही लीक हो गया था। ईओयू की जांच में ये भी पता चला है कि जो प्रश्नपत्र मोतिहारी जाने वाले थे, वो पटना में गाड़ी में लोड होकर 6 घंटे खड़ी थी। इसी दौरान संजीव मुखिया और उसकी गैंग ने क्वेश्चन पेपर गायब किए। प्रश्न-पत्रों की फोटो खींचने के बाद इसे सॉल्व किया गया। अभ्यर्थियों से पैसे लेकर इनकी उत्तर-कुंजी उपलब्ध कराई गई। एग्जाम के दिन प्रश्नपत्र और आंसर की वायरल हुए थे। इतना ही नहीं संजीव मुखिया को जब पता चला कि कोलकाता में सिपाही बहाली का प्रश्नपत्र छाप रहा है, तब वह गिरोह के कुछ शातिरों के साथ कोलकाता पहुंच गया।

# नीट पेपर लीक मामले में 4 आरोपियों का रिमांड बढ़ा

## कोर्ट में सुनवाई के बाद आरोपियों को ले गई CBI की टीम, 4 दिन के लिए बढ़ा रिमांड

**एजेंसी, पटना।**

नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार 8 आरोपियों को CBI की टीम ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था। रिमांड की मियाद आज खत्म हो गई है। गुरुवार की सुबह सभी आरोपियों का मेडिकल टेस्ट कराया गया। पेशी के लिए CBI की टीम कोर्ट ले गई । सुनवाई खत्म होने के बाद सभी आरोपियों को सीबीआई की टीम अपने साथ ले गई है। बुधवार को CBI की टीम ने धनबाद से जिस अमन सिंह को गिरफ्तार किया था, उसे भी कोर्ट में पेश किया गया। CBI के वकील अमित कुमार ने अधिकारियों के साथ मिलकर अमन के रिमांड का आवेदन कोर्ट को दिया। रिमांड की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने अमन को 4 दिन के रिमांड पर CBI को सौंपे जाने की मंजूरी दे दी।



**4 दिन का फिर से मिला रिमांडः** इसके अलावा CBI ने दोबारा चिंटू, ओएशिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और जमालुद्दीन का रिमांड मांगा। दरअसल, कई ऐसे सवाल हैं, जिसका जवाब CBI को नहीं मिला है। इस कारण इन चारों का फिर से रिमांड मांगा गया और कोर्ट ने अपनी मंजूरी भी दे दी। कुल 4 दिनों का रिमांड फिर से मिला है। वहीं, रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद मुकेश, मनीष प्रकाश और आशुतोष को ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया है। सभी आरोपियों को रिमांड पर लिया गया था। इनमें चिंटू, मुकेश, मनीष प्रकाश, आशुतोष, ओएशिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल इम्तियाज और जमालुद्दीन शामिल हैं।

**दिल्ली के लिए रवाना हुए एडीजीः** इधर, EOU के ADG नैय्यर हसनैन खान आज दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं। NEET से संबंधित केस से जुड़े कागजात और फाइल लेकर दिल्ली गए हैं। दरअसल, 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक मामले में सुनवाई होनी है। सूत्रों के अनुसार उससे जुड़े दस्तावेजों को लेकर ही वो गए हैं। EOU की तरफ से किए गए जांच, कार्रवाई और पेपर लीक के मिले सबूतों के बारे में सुप्रीम कोर्ट को अवगत कराएंगे।

# दोषी अभियंता और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी

**एजेंसी, पटना।**



♦ ध्वस्त पुल-पुलिया पर अपर मुख्य सचिव बोले- संवेदक से राशि वसूली जाएगी, जांच चल रही है

बिहार में 17 दिनों में 11 छोटे-बड़े पुल गिरे हैं। राज्य में लगातार ढह रहे पुल पर बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दोषी अभियंता और ठेकादार को चिन्हित कर कार्रवाई जा जाएगी।

**जांच के बाद अभियंता और संवेदक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगीः** अपर मुख्य सचिव ने कहा कि 3-4 जुलाई के बीच सीवान और सारण जिले में गंडक नदी पर 6 पुल-पुलिया ध्वस्त हुए हैं। मामले की जांच उड़नदस्ता के द्वारा किया जा रहा है। जांच के बाद अभियंता और संवेदक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ये सभी पुल 30 वर्ष पुराने थे। अभियंता को इसका ख्याल रखना चाहिए था।

**संवेदक से नए पुल के निर्माण के लिए राशि वसूली जाएगीः** पुराने पुल पर सावधानी बरतनी चाहिए थी, जो नहीं हुआ। जल संसाधान विभाग की उड़ाही के कारण पुल-पुलिया टूटा है। नदियों में उड़ाही करने वाले संवेदक से नए पुल के निर्माण के लिए राशि वसूली जाएगी। पुराने पुल की भी मेंटेनेंस की जवाबदेही विभाग लेगा। 30 साल से अधिक पुराने पुलों का सर्वे किया जाएगा। जरूरत के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

**हर विभाग मेंटेनेंस पॉलिसी बनाएगीः** अन्य टूटे हुए पुल को लेकर सीएम ने बैठक की है। एसओपी का पालन होगा। क्वालिटी कंट्रोल देखा जाएगा। हर विभाग मेंटेनेंस पॉलिसी बनाएगी। जल संसाधन विभाग ने फॉर्मेट बनाकर जिला को भेजा है। राज्य में सभी पुल-पुलियों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस संबंध में सभी अभियंता को पत्र लिखा गया है। उन्होंने आगे कहा कि गंडक छारी जोड़ योजना के तहत170 किलोमीटर लंबी, 19 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरी उड़ाही हो रही है। गंगा को अविरल बनाया जा रहा है।

## पटना में लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर, गांधी घाट पर प्रति घंटे 4-5 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में मानसून के सक्रिय होते ही गंगा के जलस्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। गांधी घाट केंद्रीय जल आयोग मुताबिक प्रति घंटे 4 से 5 सेंटीमीटर की वृद्धि हो रही है। इस संबंध में जिला प्रशासन की ओर से अलर्ट भी जारी किया गया है। बुधवार को डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने पटना के दीघा घाट से लेकर कलेक्ट्रेट घाट तक निरीक्षण किया और कर्मचारियों को अलर्ट रहने का निर्देश दिया।

**प्रति घंटे जलस्तर में 5 सेमी. की वृद्धिः** केंद्रीय जल आयोग के जूनियर इंजीनियर शुभम कुमार ने बताया कि प्रति घंटे जलस्तर में 5 सेमी. की वृद्धि दर्ज की जा रही है। गांधी घाट पर वाटर लेवल 43.40 से 43.85 पहुंच गया है। बुधवार के दिन सुबह 8 बजे तक 43.40 दर्ज किया गया था, जबकि गुरुवार की सुबह 8 बजे 43.85 दर्ज किया गया। घाट पर मौजूद मछुआरा रामजी कुमार ने बताया कि पानी तेजी से बढ़ रहा है। दो दिन पहले तक निर्माणाधीन पिलर तक पानी था। आज घाट की सीढ़ियों को छू रहा है।



♦ कर्मचारियों को अलर्ट रहने का निर्देश

**रात के समय नावों का परिचालन नहीं होगाः** डीएम डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया की रात के समय नावों का परिचालन बिल्कुल नहीं होगा। जितनी नावें चल रही हैं, सबका निबंधन होगा। अनुमंडल पदाधिकारी सबकी जांच कराके निबंधन करेंगे। ओवर लोडिंग का ध्यान रखने के लिए लोड लाइन बनाई जाएगी। ताकि दूर से ही ओवरलोडिंग के बारे में पता चल सके।

# प्रतिबंधित दवा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि संवाद सूत्र।** 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारत/नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 285 से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र के सीमा चौकी से एक व्यक्ति को साइकिल पर प्रतिबंधित दवाईयों के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह व्यक्ति सीमा चौकी पिपरौन के आरपी गेट के सामने से साईकिल पर कुछ सामान लेकर जा रहा था, डयूटी पर खड़े जवान को उक्त व्यक्ति पर सदेंह होने पर उसे रुकने को बोला गया तो वह भागने लगा, उसे भागता देख जवानों ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए उसे प्रतिबंधित दवाईयों एक्सपेलन कप सिरप (100ml) - 40 pic, निरावेत - 10 टैबलेट वाला 300 नग , स्पामोस प्रोसिवोन प्लस कैप्सूल -144 नग सहित गिरफ्तार किया गया, तस्कर द्वारा प्रतिबंधित दवाईयों को भारत से नेपाल ले जा रहा था। गिरफ्तार किए गए तस्कर की पहचान शंकर दास (उम्र -17) पिता - जोगिंदर दास, गाँव - गोगाली, नारायणनगर पालिका, वार्ड न. - 05, जिला - धनुषा (नेपाल)। जब्त किए गए प्रतिबंधित दवाइयाँ और साईकिल सहित गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु पुलिस स्टेशन हरलाखी के हवाले कर दिया गया है। इस सम्बंध में कार्यवाहक कमांडेंट विवेक ओझा 48वीं वाहिनी ने बताया कि भारत/नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत जारी है और अवैध गतिविधियों को रोका भी जा रहा है।



# 2025 में जेडीयू की बड़ी जीत होगी, टाइगर अभी जिंदा है

**एजेंसी, पटना।**

जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद संजय झा पहली बार पार्टी कार्यालय पहुंचे। बैंड-बाजे के साथ समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। मंत्री अशोक चौधरी ने शंख बजाकर संजय झा का अभिनंदन किया और उन्हें गले लगाया।

**'टाइगर अभी जिंदा है':** इस दौरान संजय झा ने विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जो लोग कहते थे कि नीतीश कुमार खत्म हो गए हैं, उन्हें आज सब कुछ दिखाई दे रहा होगा। नीतीश कुमार टाइगर हैं और टाइगर अभी जिंदा है। ये मेरा ही स्लोगन है, जो लोकसभा चुनाव के बाद सच हो गया। 2025 में फिर से सच होगा।



**जदयू की बैठक में विशेष राज्य के दर्जे का आया प्रस्तावः** संजय झा ने आगे कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाऊंगा। बिहार को विशेष राज्य के दर्जे का प्रस्ताव जदयू की बैठक में आया था। आगामी पांच साल में केंद्र से काफी मदद मिलेगी, जिससे बिहार का विकास होगा। नीतीश कुमार हर बार मजबूती से उभरे हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में 2010 से भी बेहतर रिजल्ट 2025 में होगा।

♦ पटना में संजय झा का भव्य स्वागत, बोले- नीतीश कुमार हर बार मजबूती से उभरे हैं

**झारखंड में जदयू लड़ेगी चुनावः** उन्होंने कहा कि झारखंड में पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। यूपी और दिल्ली में भी संगठन विस्तार होगा। बिहार को विशेष दर्जा या विशेष पैकेज मिलेगा। पीएम का पूरा ध्यान बिहार पर है। नीतीश कुमार ने जाति, धर्म से ऊपर उठकर जदयू को खड़ा किया। इसे आगे बढ़ाना चुनौतीपूर्ण काम है। जो लोग ये मान रहे थे कि जदयू खत्म हो जाएगी। उनकी गलतफहमी दूर हो गई होगी।

सम्राट के पगड़ी खोलने के बाद भव्य स्वागत

## पार्टी दफ्तर में बोले डिप्टी सीएम- नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा बिहार

**एजेंसी, पटना।**

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के अयोध्या में पगड़ी खोलने के बाद अब बीजेपी कार्यालय में स्वागत किया गया। पगड़ी खोलने और मुंडन के बाद बीजेपी के महिला मोर्चा की ओर से भव्य स्वागत किया गया है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आदरणीय नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में सरकार और अच्छे से चलेगी। अगले डेढ़ साल तक बिहार के विकास की जो गाथा है, उसको अंजाम तक पहुंचाने का काम नीतीश कुमार के नेतृत्व में होगा। देश विकसित हो रहा है, देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत श्रेष्ठ होगा। इसमें बिहार अपना योगदान देगा। बिहार में लगातार पुल गिरने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि सारी चीजों पर माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समीक्षा किया है। सख्त कार्रवाई का आदेश दिया हैं। जहां मेंटेनेंस पॉलिसी नहीं है, उसको मेंटेनेंस पॉलिसी के अंतर्गत लाने का निर्देश दिया है। जो पदाधिकारी इसमें संलिप्त होंगे। उसके खिलाफ कारवाई होगी। वही पगड़ी उतारने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि जो हारी हुई पार्टी होती है।



# मंत्री नितिन नवीन के आवास पर आंदोलन

**एजेंसी, पटना।**

2022 में राज्य निर्वाचन आयोग ने नए नियम के तहत राज्य के सभी 252 निकायों में मेयर, उपमेयर और नगर अध्यक्ष, नगर उपाध्यक्ष का चुनाव करवाया जिसमें सीधे जनता ने वोट दिया था। नगर उपाध्यक्ष तो बन गए। लेकिन उपाध्यक्ष को अधिकार कुछ भी नहीं दिया गया है।

**इस्तीफा पत्र सौंपाः** नगर निकाय में उपाध्यक्ष पद पर तैनात लोग लगातार आंदोलन कर रहे थे। अब उग्र रूप अपनाते हुए आज नगर विकास मंत्री नितिन नवीन के आवास पर सैकड़ों की संख्या में नगर उपाध्यक्ष पहुंच गए और अपना इस्तीफा पत्र सौंपा। हालांकि, उपाध्यक्षों ने बताया कि मंत्री महोदय ने इस्तीफा पत्र हमसे नहीं लिया। एक सप्ताह के अंदर नियम में कुछ बदलाव करने का आश्वासन दिया है। अध्यक्ष ने बताया कि प्रक्रिया के तहत चुनाव जीते हैं। राज सरकार ने चुनाव तो ठीक करवाया लेकिन हम लोग को सिर्फ कागज पर पद मिला हुआ है। जनता की सेवा के लिए कोई अधिकार नहीं है।



**जनता ने बनाया उपाध्यक्षः** उन्होंने आगे कहा कि उप मतलब चुप वही स्थिति बनी हुई है। पूरे बिहार में 252 नगर निकाय है। इनमें 151 नगर पंचायत है, 85 नगर परिषद और 17 नगर निगम है। इस पर निगम में उप मेयर का पद है तो नगर परिषद और नगर पंचायत में नगर उपाध्यक्ष का पद है। सभी पर सीधे जनता ने वोट करके उपाध्यक्ष बनाया है। अब यह लोग अधिकार की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

## गंगा नदी में पीपा पुल से टकराई नाव

**पटना।** पटना के कच्ची दरगाह के पास गंगा नदी में एक नाव पीपा पुल से टकरा गई। यात्रियों से भरी नाव राघोपुर दियारा की ओर जा रही थी, इस बीच अचानक संतुलन बिगड़ गया। नाव पर शिक्षक समेत 50 से ज्यादा लोग सवार थे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अपनी जान बचाने के लिए लोग पीपा पुल पर चढ़ने लगे। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। नाव पर महिला शिक्षिका ललिता भी मौजूद थीं। सरकार से स्पेशल नाव की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि हमलोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। गनीमत रही की कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। सभी डरे-सहमे हुए हैं। यह काफी डेंजर जोन है। जानकारी के मुताबिक प्रतिदिन की तरह लोग नाम पर सवार होकर गंगा के उस पार जा रहे थे। गंगा में तेज बहाव के कारण नाव पीपा पुल से टकरा गई। नाव पर महिला, बच्चे और बुजुर्ग भी सवार थे। हादसे के बाद सभी पीपा पुल के ऊपर चढ़ने लगे। बाद में सभी लोग दूसरे नाव के सहारे गंगा के उस पार पहुंचे।

# मच्छर से बचाव के लिए 500 टीमों का गठन, हर दिन 50 घरों में होगी फॉगिंग

♦ एंटी लार्वा का छिड़काव भी, नितिन नवीन ने हरी झंडी दिखाया

**एजेंसी, पटना।**

बारिश आने के साथ ही शहर में डेंगू और चिकनगुनिया बीमारी की आशंका बढ़ गई है। इसे देखते हुए पटना नगर निगम ने बचाव के तौर पर फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़काव करने के लिए 500 टीमों का गठन किया है। सभी टीमों को आज नगर विकास एवं आवास मंत्री नितिन नवीन ने हरी झंडी दिखाकर नगर निगम के मौर्या लोक स्थित कार्यालय से रवाना किया।

**कई इलाकों में जलजमाव होता हैः** हर टीम के साथ माउंटेड फॉगिंग, हैंड हेल्ड फागिंग मशीन और एंटी लार्वा स्प्रे मशीन रहेगी। बारिश के समय में जलजमाव की स्थिति बन जाती है। ऐसे में जिन इलाकों में जलजमाव है, वहां विशेष तौर पर फॉगिंग होगी। फॉगिंग और एंटी लार्वा स्प्रे टीम सभी 75 वार्डों जाएगी। नगर आयुक्त ने सभी अंचल में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा टेमीफॉस 50 ईसी के छिड़काव के लिए स्वास्थ्य पदाधिकारी भी तैनात किए हैं।



**हर दिन 50 घरों में होगा फॉगिंग और एंटी लार्वा का छिड़कावः** नगर निगम के क्षेत्र में 75 वार्डों में 375 सेक्टर बनाए गए हैं। सभी सेक्टरों में प्रतिदिन 50 घरों में एंटी लार्वा का छिड़काव होना है। हर टीम के साथ एक-एक रजिस्टर भी रहेगा, जिसमें छिड़काव के बाद आमलोगों का फीडबैक लिया जाएगा। इस रजिस्टर में निगम के कार्यों से संबंधित चार सवाल शामिल होंगे जिनका जवाब घर के मालिक को देना है।

# सीवान-सारण में 24 घंटे में 6 पुल गिरे, उफान पर नदियां

## बिहार के 17 जिलों में हेवी रेन का अलर्ट, सीतामढ़ी-भागलपुर में बाढ़ जैसे हालात





**पटना , एजेंसी।** बिहार में मानसून एक्टिव है। प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं झमाझम बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण बुधवार को सीवान व छपरा जिले में एक ही दिन में एक के बाद एक 6 पुल ढह गए। इनमें चार गंडकी नदी पर तो दो धमही नदी पर बने थे। नदी जोड़ो योजना के तहत इन नदियों की हाल ही में उड़ाही की गई थी। नदी में अधिक गहराई तक मिट्?टी कटाई से पुलों के पाए और उनकी गाइड वॉल की बुनियाद एक्सपोज हो गई थी। नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ते ही ये हादसे हुए। जो पुल गिरे हैं, उनमें एक को छोड़ बाकी सभी 30-40 साल पुराने थे। वहीं नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है बिहार की पांच नदियां लाल निशान के ऊपर बह रही हैं। समस्तीपुर और जहानाबाद में आज सुबह से बारिश हो रही है, वहीं मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसमें 7 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 10 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

### इन जिलों के लिए अलर्ट जारी

विभाग की ओर से पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल, पूर्णिया और कटिहार में अति भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, इसके अलावा पटना, भोजपुर, बक्सर, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मधेपुरा, अररिया और किशनगंज में भारी बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 5 जुलाई को पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, किशनगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल और अररिया के एक या दो जगहों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा 6 और 7 जुलाई के लिए किसी तरह का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

### राज्य के ऊपर से गुजर रहा है टर्फ लाइन

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून बिहार के अधिकांश भागों में सक्रिय है। एक टर्फ लाइन उत्तर बिहार से लेकर दक्षिण के हिस्सों से गुजर रहा है। इसके प्रभाव से अगले 24 घंटे के दौरान बिहार के कई जिलों में बारिश होगी।

### पांच नदियां लाल निशान के ऊपर

नेपाल के तराई इलाकों में भारी बारिश का असर बिहार की नदियों में दिखने लगा है। वर्तमान समय में राज्य की पांच नदियों का जल स्तर लाल निशान के ऊपर है। इनमें बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा, परमान नदी शामिल हैं। जल संसाधन विभाग के अनुमान कोसी, महानंदा और परमान नदी में पानी बढ़ने का है। जबकि, बागमती नदी का जल स्तर मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में खतरे के निशान से 75 सेमी ऊपर है। लेकिन, यहां पानी स्थिर है। वहीं, कमला बलान नदी का जल स्तर मधुबनी जिले के झंझारपुर में खतरे के निशान से 26 सेमी ऊपर है।

# नितिन नबीन ने 244 नवनियुक्त कर्मियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

## बक्सर के प्रभारी मंत्री ने सभी को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की



**बक्सर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नवनियुक्त विशेष सर्वेक्षण कर्मियों को पटना में नियुक्ति पत्र वितरण किया। वहीं, दूसरी तरफ बक्सर के नगर भवन में समारोह के साथ बक्सर के प्रभारी मंत्री सह नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री नीतीन नबीन ने नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इसको लेकर कर्मियों में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### 15 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो को मिला नियुक्ति पत्र

बता दें कि बिहार विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त का मुख्य लक्ष्य समस्त भूमि संबंधी सूचनाओं का एकत्र के साथ प्रबंधन करते हुए प्रभावशाली तरीके से इसके सभी उपयोगकर्ताओं को एकीकृत, सरल व प्रभावित तरीके से सेवाएं प्रदान करना है। बक्सर जिलांतर्गत 204 विशेष सर्वेक्षण अमीन, 18 विशेष सर्वेक्षण क्लर्क, 15 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो व 07 विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस प्रकार अलग अलग पदों के लिए कल 244 नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। बिहार में विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त अधिनियम 2011 यथा संशोधित 2017 व बिहार विशेष सर्वेक्षण और बंदोबस्त नियमावली 2012 और संशोधित 2019 के तहत राज्य के सभी जिलों में विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्य प्रारंभ किया जाना है। उक्त अधिसूचना और नियमावली के आलोक में बक्सर जिला में भी बिहार विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त का कार्य प्रारंभ किया जाना है। इसके विशेष सर्वेक्षण व बंदोबस्त के सफल संचालन के लिए भू-अभिलेख और परिमाप निदेशालय बिहार पटना ने विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की नियुक्ति की है।

मंत्री नितिन नबीन ने सभी नवनियुक्त कर्मियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# वार्ड अटेंडेंट ने भूख हड़ताल की चेतावनी दी :4 महीने से नहीं मिली है सैलरी

**पटना, एजेंसी।** पीएमसीएच में हड़ताल पर गए वार्ड अटेंडेंट ने सरकार पर सवाल उठाया है। निजी कंपनी को टेंडर देने पर हड़तालकर्मियों ने सरकार की व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए बताया है कि जब इतनी बड़ी ज़िम्मेवारी सरकार उठा सकती है तो निजी कंपनी को क्यों सौंप देती है। शनिवार से भूख हड़ताल करने की भी धमकी दी है।

**निजी कंपनी लेती है पैसा :** हड़ताल कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि चार माह काम कराकर वेतन के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है। बिहार सरकार के गजट के लेबल में भी नहीं है वेतन, जो पैसा निजी कंपनी अन्य माध्यमों से लेती है। वो संविदा पर बहाल कर भी कार्य करा सकती है। इससे कार्य मे लगे लोगों को समय पर वेतन तो मिल सके।

**8 हजार में कोई परिवार नहीं चलता है :** हड़ताली कर्मचारियों ने यह भी कहा कि महंगाई के समय मे 8 हजार में कोई परिवार चला सकता है क्या। सिस्टम और प्रबंधन यह बताए कि क्या बड़े अधिकारी को चार महीने तक वेतन रोक दिया जाए तो क्या चुप रहेंगे। पिछले दो वर्ष से यही स्थिति है। कभी चार महीने तो कभी पांच पर वेतन मिलता है। शुक्रवार तक वेतन नहीं मिलता है तो शनिवार को भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे।

# पुल का साइड दीवार पहली बारिश में गिरा, ग्रामीण आक्रोशित



**वाल्मिकीनगर, एजेंसी।** बगहा के मधुबनी प्रखंड स्थित तमकुहा पंचायत के वार्ड नंबर एक में प्रमुख निधि से बनाए गए ह्यूमन पुलिया का दीवार टूट गया। इसके साथ ही पुलिया में दरार पड़ गया है। दरअसल, दस महीने पहले पांच लाख 76 हजार 660 रुपए की लागत से इस पुलिया का निर्माण किया गया था। पहली ही बरसात में इस पुलिया से जुड़ा हुआ दीवार बह गया। इसके साथ ही पुलिया में दरार पड़ गया है और पुलिया दबने लगा है। इसे लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुलिया बीडीसी ने 15वें वित्त आयोग के तहत बनाया था।

### दोषियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

ग्रामीण मुकेश चौहान, छोटे चौहान, साहब चौहान, गुड्डू चौहान, विजय चौहान आदि ने आरोप लगाया कि छठ घाट पर जाने का रास्ता मजबूत नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुलिया से जुड़ने वाला पीएससी अप्रोच भी जर्जर हालत में है और कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रखंड स्तर के अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की होती, तो आज यह स्थिति नहीं होती। बिहार में आए दिन पुल टूटने की घटनाओं से लोग काफी आक्रोशित हैं। मधुबनी बीडीओ राजेश भूषण ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। कनीय अभियंता को मौके पर भेज कर जांच कराई जाएगी। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी ने पुल से सौरा नदी में लगाई छलांग, स्थानीय गोताखोरों ने बचाई जान

## पिता की मौत के बाद से सदमे में है बच्ची

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में बुधवार शाम 18 साल की किशोरी ने कप्तान पूल से सौरा नदी में छलांग लगा दी। नाबालिग के नदी में छलांग लगाते ही स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। किशोरी को डूबता देख वहां खड़े लोगों ने शोर मचाना शुरू किया। गोताखोरों ने सौरा नदी में छलांग लगाई। कुछ ही मिनटों के भीतर वहां मौजूद कुछ तैराकों ने लड़की को बचा लिया। किशोरी पिता की मौत के बाद से सदमे में है। किशोरी के सौरा नदी में छलांग लगाने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। इतने में ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जिसके बाद किशोरी को इलाज के लिए त्नस्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया गया। जहां लड़की की हालात सामान्य बनी हुई है।

**मानसिक स्थिति ठीक नहीं है :** किशोरी के भाई ने बताया कि कुछ ही साल पहले उनके पिता की मौत हो गई थी। इसके बाद से ही किशोरी सदमे में रहने लगी। उनके दादाजी का गुलाबबाग मंडी में गद्दी है। इसी से उनका परिवार चलता है। हाल के दिनों से उनकी बहन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं चल रही थी। बहन का इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। देर दोपहर बगैर कुछ बोले घर से निकल गई। कुछ ही घंटे बाद पहचान वाले का कॉल आया और फिर समूचे घटनाक्रम की जानकारी दी गई। जिसके बाद मैं मौके पर पहुंचा और बच्ची को त्नस्ष्ट॥ पूर्णिया में एडमिट कराया।



**तरह-तरह की चर्चाएं हो रही :** दूसरी तरफ किशोरी की सौरा नदी में कूदने को लेकर तरह - तरह की बातें सामने आ रही है। कुछ लोगों का कहना है कि किशोरी को प्यार में धोखा मिला, जिसके बाद उसने ये कदम उठाया। तो वहीं कुछ लोगों का कहना है पिता की मौत के बाद से वो सदमे में चली गई। मानसिक स्थिति बिगड़ने के कारण उसने ये कदम उठाया।

# मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी की योजनाओं को मिला एक्सटेंशन



## कार्य एजेंसी को काम में तेजी लाने का निर्देश

**नालंदा, एजेंसी।** बिहार शरीफ स्मार्ट सिटी का चयन वर्ष 2017 में किया गया था। वर्ष 2018 में विभिन्न योजनाओं पर स्मार्ट सिटी के तहत बिहार शरीफ में कार्य को शुरू किया गया। 5 साल बीत चुके हैं लेकिन अब तक महज 50 फ़ीसदी राशि ही खर्च हो सकी है। योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पहले ही दो बार टाइम एक्सटेंशन किया जा चुका है। बिहार शरीफ शहर को स्मार्ट बनाने के लिए 926 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत है। इसमें से अब तक 460 करोड़ ही खर्च हुए हैं जबकि शहर के विकास के लिए 525 करोड़ की राशि मिल चुकी है।

### 30 जून 2024 को समय अवधि खत्म हो चुकी है

30 जून 2024 को समय अवधि खत्म हो चुकी है। एक बार फिर से भारत सरकार ने मार्च 2025 तक स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट को पूरा करने का मोहलत दिया है। बिहार शरीफ में 131 करोड़ से 22 परियोजनाएं पूरी हो चुकी है। वहीं 738 करोड़ की लागत से 16 योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसमें मुख्यता फिटनेस पार्क, सीवरेज नाला सह सड़क निर्माण जैसी योजनाओं को धरातल पर उतरा जा रहा है।

**ये योजनाएं हो चुकी हैं पूरी :** अब तक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, नालंदा हेल्थ क्लब का जीर्णोद्धार, 12 स्कूलों का जीर्णोद्धार, अस्पताल मोड़ से सोहसराय चौक तक पेवर ब्लॉक, वर्षा जल संचयन चार भावनों पर, श्रम कल्याण मैदान का विकास, टाउन हॉल का सौंदर्य करण, सरकारी भवनों पर 188 किलो वाट का सौर ऊर्जा, रामचंद्रपुर बस स्टैंड में आरसीसी ढलाई, श्रम कल्याण केंद्र के मैदान में योगा पार्क, सुभाष पार्क, गांधी पार्क का विकास।

**फ्लाईओवर का चल रहा निर्माण:** 82 करोड़ की लागत से बना रहा फ्लाईओवर, 57 करोड़ की राशि से बाजार समिति का विकास, 120 करोड़ की राशि से लहेरी से भतु सेठ तक नाला सह रोड का निर्माण, 35 करोड़ से 14 स्कूलों का सौंदर्यीकरण, भारताली में फिटनेस पार्क शहर की दीवारों पर 3ष्ठ पेंटिंग, रामचंद्रपुर बस पड़ाव, रामचंद्रपुर बस पड़ाव से 95 नदी तक ड्रेनेज का निर्माण, सूर्य मंदिर घाट का रिवर फ्रंट सौंदर्यीकरण, धनेश्वर घाट पुस्तकालय, नालंदा महिला कॉलेज का विकास, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज, आदि।

### 2024 तक पूरा करने का समय

स्मार्ट सिटी के सीईओ विनोद कुमार ने बताया कि अधूरे कार्यों को मार्च 2024 तक पूरा करने का समय दिया गया है। तय समय सीमा में सारी योजनाएं पूरी कर ली जाएगी। निर्माणाधीन कई योजनाएं अंतिम चरण में हैं। अगले कुछ महीनों में वह पूरी कर ली जाएगी। कार्य एजेंसी को कामों में तेजी लाने का आदेश दिया गया है।

---

# संक्षिप्त समाचार

### औरंगाबाद में युवक को सांप ने डंसा :परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया, इलाज के बाद डॉक्टर ने रेफर किया

**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के विशनपुर गांव में बुधवार की रात शौच करने गए एक व्यक्ति को सर्प ने डंस लिया। घायल व्यक्ति की पहचान बिशनपुर गांव के ही लवकुश कुमार के रूप में की गई है। परिजनों ने आनन-फानन में ओबरा में ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया। परिजन औरंगाबाद सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों की ओर से प्राथमिक उपचार किया गया। लव-कुश कुमार ने बताया कि घर से कुछ दूरी पर खेत में शौच करने के लिए गए थे। तभी मेरे दाहिने पैर पर कुछ चुभने का आभास हुआ। कुछ देर बाद तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद मोबाइल का लाइट जलाकर देखा तो एक विषैला सांप था। प्राथमिक उपचार कर रहे डॉक्टर ने बताया कि सांप काटने पर लोग झाड़ फूंक के चक्कर में न फंसे, तुरंत जहां सांप ने काटा है, उस जगह को कपड़े से हल्का सा बांध लेना चाहिए। जल्द से जल्द डॉक्टर के पास जाना चाहिए। डेढ़ से दो घंटे में जहर पूरी बॉडी में फैल सकता है। इस अवधि के अंदर ही डॉक्टर के पास जाना जरूरी है। सांप काटने पर व्यक्ति को बेहोशी, सुस्ती या फिर नींद आने लगती है। पलक भारी होने लगते हैं, पेट में दर्द भी हो सकता है। उल्टी और सांस लेने में तकलीफ होने लगे तो समझिए कि सांप ने काट लिया है। अगर यह लक्षण व्यक्ति में नहीं दिखाई दे तो समझिए कि सांप नहीं काटा है।

### ग्रामीण एसपी ने की कांडों की समीक्षा

**दरभंगा/बहेड़ी, एजेंसी।** ग्रामीण पुलिस अधीक्षक काम्या मिश्रा ने बुधवार को स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पासपोर्ट पंजी, आरटीआई पंजी, गुंडा पंजी, महिला हेल्प डेस्क, लोक शिकायत पंजी, केस डायरी, वारंट, इश्तिहार व कुर्की पंजियों का ग्रामीण एसपी ने अवलोकन किया। अवलोकन के बाद उन्होंने थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारियों व अनुसंधानकर्ताओं को कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने थाने के विशेष कांडों की समीक्षा अनुसंधानकर्तावार की। समीक्षा के दौरान निष्पादित होने वाले कांडों को भी चिन्हित किया गया। थाने के प्रतिवेदित कांडों के अनुसंधान की समीक्षा भी की गई। सीसीटीएनएस, थाना सिरिस्ता संबंधित कार्यों को अद्यतन रखने का निर्देश, पंजी संधारण के बिन्दु पर अद्यतन का निर्देश, थाने के कार्यों के बंटवारे के बिन्दु पर सभी शाखा प्रभारी के कार्यों का समीक्षा कर अद्यतन रखने का निर्देश भी ग्रामीण एसपी ने दिया। उन्होंने नियमित पुलिस गश्ती करने व शराबबंदी का सख्ती से अनुपालन करने का भी निर्देश दिया। साथ ही तीन नए आपराधिक कानून के अनुरूप क्रियान्वयन करने पर बल दिया। इस अवसर पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष दिलीप कुमार, पुलिस पदाधिकारी वरुण कुमार गोस्वामी भी थे।

### भारी वर्षा के आसार

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया समेत बिहार के अधिकांश जिलों में भारी से भारी वर्षा होने के पूर्वानुमान है। उक्त आशय की सूचना पूर्वानुमान विभाग द्वारा जारी इंडेक्स के आधार पर कही जा रही है। ऐसा इसलिए कि एक जबरदस्त टर्फ लाइन उत्तर पश्चिम बिहार से असम की ओर गुजर रही है। पूर्वानुमान इंडेक्स के अनुसार 6 जुलाई से वर्षा धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगी। इसके बाद फिर कोई टर्फ लाइन बनेगा और साइक्लोनिक सरकुलेशन का सिस्टम तैयार होगा तब ही मानसूनी वर्षा का तेवर कड़ा हो सकता है। इस बीच पूर्णिया में बुधवार को दिनभर वर्षा होती रही। वर्षा का कुल परिमाण 34 मिलीमीटर मापी गई, जबकि सुबह 8:30 तक 17 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। देर शाम के बाद भी वर्षा का दौर जारी रहा। पूरे शहर में जल जमाव हो गया है और खेतों में पानी इस कदर हो गया है कि किसानों ने धान की रोपनी शुरू कर दी है। खरीफ फसलों में धान की खेती के लिए अब मौसम काफी अनुकूल दिखने लगा है। उधर मखाना के किसानों को भी काफी राहत मिली। ग्रामीण इलाके में दिन रात धान की रोपनी चल रही है। मालूम हो कि लंबे समय से रूठा हुआ मानसून पिछले तीन दिनों से मेहरबान हो गया और तीन दिनों के दौरान लगभग 93 एमएम वर्षा दे गया। बुधवार को पूर्णिया का अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आने वाले तीन-चार दिनों में तापमान में कोई परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। देर शाम सूचना के अनुसार गुरुवार को पूर्णिया समेत पूरे सीमांचल में मौसम विभाग ने मानसूनी वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

# बीडीओ ने आवास कर्मियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

चाणक्यभूमि बगहा

बगहा एक प्रखंड कार्यालय मे प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने लेखापाल,आवास पर्यवेक्षक, कार्यपालक सहायक सहित 24 पंचायत के आवास सहायकों से आवास योजना से संबधित विधिवत समीक्षा किया।इस दौरान बीडीओ ने आवास कर्मियों से संबंधित पंचायत के आवास कार्यों की बारी-बारी जानकारी प्राप्त किए और निर्देशित किया कि सभी आवास सहायक अपने-अपने पंचायत में अधूरे पड़े आवास योजना को लाभुकों से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।बीडीओ को बताया कि कुल 16020 लाभुक हैं।जिसमें अभी 160 आवास अभी अपूर्ण है।बीडीओ ने आवास पर्यवेक्षक व सभी आवास सहायकों को निर्देश दिया,कि अगामी 15 जुलाई 2024 तक हर हाल में सभी आवास को पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।वही आवास नहीं बनाने वाले लाभूकों का 15 जुलाई 2024 के बाद कुर्की जप्ती गिरफ्तारी वारंट जारी कराकर अग्रसर कार्रवाई की जायेगी और आवास योजना से संबंधित किश्त प्राप्त किए लाभुकों से सूद समेत राशि वापस करने की कारवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।



- चौबीस पंचायत के अपूर्ण आवासों को पर्यवेक्षक,आवास सहायक शत प्रतिशत कराए पूर्ण- बीडीओ प्रदीप कुमार

बैठक में लेखापाल धर्मेंद्र कुमार,आवास पर्यवेक्षक नितीश कुमार,कार्यपालक सहायक फिरोज खान,आवास सहायक लीलावती देवी,दिलीप कुमार,हेमंत कुमार,अजीत कुमार,अनुराग कुमार,नसरुल्ला आलम आदि मौजूद थे।

## सांसद ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से मिलकर समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया

चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा।** वाल्मिकीनगर सांसद सुनील कुमार ने रेलवे बोर्ड चेयरमैन से मिलकर रेलवे संबंधी समस्याओं के निराकरण का अनुरोध किया है।सांसद द्वारा उठाये गए मुद्दों में नरकटियागंज में वाशिंग पिट न होने से गाड़ियों की साफ सफाई में काफ़ी दिक्क़त होती है।इसलिए यहाँ वाशिंग पिट स्थापित करना,छितौनी-तमकुही रेल लाइन का काम वर्षो से काफ़ी धीमी गति से चल रहा है।इस रेल परियोजना को अविलम्ब पूरा कराना,गाड़ी नंबर 05096 सुबह 11:30 बजे नरकटियागंज पहुंचती है और अपराह्न 15:15 पर वापस होती है।इस बीच करीब 04 घंटे यह गाड़ी नरकटियागंज ख़डी रहती है जिसे वाया सिकटा रकसौल तक बढ़ाये जाने से इस क्षेत्र के यात्रियों को लाभ होगा,वर्ष 2016 के पूर्व गोरखपुर से वाया नरकटियागंज होकर मुज़फ्फरपुर तक और मुज़फ्फरपुर से वाया नरकटियागंज होकर गोरखपुर तक सीधी रेल सेवा द्वारा सवारी गाड़ियां चलती थी।इन्हे पूर्व की भांति ही चलाये जाने से जिला और प्रमंडल मुख्यालय जाने में जनता को काफी सुविधा होगी,गाड़ी 15273 व 15274 सत्याग्रह एक्सप्रेस में पेंट्रीकार न होने से यात्रियों को लोकल खान पान पर निर्भर होना पड़ता है जिससे उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।इस गाड़ी में पेंट्रीकार जोड़ने एवं जननायक एक्सप्रेस का ठहराव बाल्मिकीनगर रोड स्टेशन करना आदि शामिल है।अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने इसपर यथासम्भव अमल करने का आश्वासन दिया।रेल भवन में हुई इस मुलाक़ात में सांसद श्री कुमार के साथ जदयू मुख्य प्रवक्ता राकेश सिंह भी उपस्थित रहे।

## आम तोड़ने की विवाद में हुई मारपीट इलाज के दौरान एक की मौत

चाणक्य भूमि बैरिया

बैरिया थाना क्षेत्र के सिसवा सरेया पंचायत के वार्ड नंबर 14 निवासी लाल मोहम्मद गद्दी के 15 वर्षीय पुत्र शहाबुद्दीन( 15) की मौत बगीचे में आम तोड़ने के विवाद को लेकर मारपीट हुई जिसमे इलाज के दरम्यान मौत हो गई है।थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत दल बाल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छान बीन में जुट गए है।उन्होंने बताया की आरोपी घर छोड़ फरार है।वही पुलिस की छापेमारी तेज कर दी गई है,जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर ली जाएगी।मृतक का बड़ा भाई जहागिर आलम ने बताया की मेरा छोटा भाई सहाबुद्दीन (ऊर्फ भूटन ) बुधवार की दोपहर में गांव के बगल में कुछ ही दूरी पर आम की बगीचे में रखवाली करने गया था। जहां सिसवा सरेया वार्ड नंबर 11 निवासी रामेश्वर प्रसाद के पुत्र आनंद कुमार ने आम तोड़ रहा था।जिसका विरोध मेरा छोटा भाई सहाबुद्दीन ने किया।इतने में आनंद कुमार ने मेरे भाई सहाबुद्दीन को गर्दन पकड़ जमीन पर पटक दिया और पिट –पिट कर अधमरा कर दिया ।जिसकी जानकारी मिलते ही हमलोग घायल सहाबुद्दीन को जेएमसीएच बेतिया इलाज के लिए ले गया।कहा इसकी गंभीर एस्थिति को देखते हुवे डॉक्टर ने पटना रेफर कर दिया।पटना इलाज के दरम्यान गुरुवार की सुबह हो है है।






## राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा आपदा से बचाव के बताए उपाय

चाणक्य भूमि बैरिया

प्रखंड मुख्यालय सभागार में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकार के द्वारा आपदा के समय बचाव को लेकर कई उपाय बताए गए। जानकारी देते हुए बैरिया अंचलाधिकारी विकेश कुमार पांडेय ने बताया कि आपदा के समय विकट परिस्थिति से गुजरने के लिए घरेलू उपाय कर लोग अपनी जान बचा सकते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी कर्मजीत राम ने बताया की आपदा आने पर तरह-तरह के घरेलू नुक्सा अपना कर आप बाहर भी निकाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ के समय में अगर आप बीच पानी में फंस गए हैं। तो आपके घरों में छोटे-छोटे बोतल या खाली डबा का उपयोग कर आपदा से बाहर निकाल सकते हैं। आपदा प्रबंधन विभाग से आए अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि आपदा के समय आपके घर में खाना बनाने वाला तसला का भी उपयोग कर आप बाहर निकाल सकते हैं। साथ ही साथ-साथ सांप काटने पर उसकी कैसे पहचान करें कि सांप विषैला है या नही जिसकी पहचान करने का बताया गया मौके पर बगही बघंबरपुर पंचायत के सरपंच विपिन कुमार,बैरिया पंचायत के सरपंच तथा मलाही बलुआ पंचायत के मुखिया पुत्र चुन्नू चौबे सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।



## बेतिया में अधिकारियों और संवेदको की लूट का उदाहरण आया सामने

चाणक्य भूमि मझौलिया

गुरुवार की संध्या प्रखंड क्षेत्र के अहवर कुडिया पंचायत के वार्ड नंबर 9 स्थित चुडीहरवा टोला नहर पर नवनिर्मित पुलिया अचानक धस गया। पुल धसने से ग्रामीणों में बड़ी आक्रोश है।इस बाबत चूडीहरवा टोला के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया । ग्रामीणों ने बताया कि नहर का मिट्टी खुदाई हुआ है।बड़का नहर से पुरशोतीमपुर के लिए निकले नहर पर एक माह पहले पुल का निर्माण हुआ था। पर्याप्त मेटेरियल के अभाव में पुल धस गया है।हालांकि नहर में पानी नही है। उल्लेखनीय है कि पुल के निर्माण में सीमेंट बालू इत्यादी मेटेरियल कम मात्रा में उपयोग किया गया है। जिसके कारण पुल धस गया ।ग्रामीणों ने बताया के निर्माण के समय ही घटिया काम करने का आरोप लगाया गया था। लेकिन गंडक विभाग के सम्बेदक की मनमानी के आगे किसी की एक नही चली। कोई भी अधिकारी इस पर संज्ञान नहीं लिया।ग्रामीणों में मुस्तकीम अंसारी,सोहराब आलम,सज्जाद खान,मुस्तकीम मियां,बिट्टू कुमार, पुनदेव प्रसाद,राजू कुमार प्रसाद,मनोज कुमार,संतोष कुमार,सीताराम प्रसाद,साहब अंसारी आदि ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।



- अहवर के चूडिहरवा टोला में नहर पर बना पुलिया निर्माण के महज एक माह के अंदर ही पुलिया धंसा











## नगर निगम ने कमीशन पर चयनित 'स्पैरो' एजेंसी का इकरारनामा रद्द

चाणक्यभूमिबेतिया

- टैक्स कलेक्शन के लिए ऊंचे कमीशन पर पांच साल के लिए एजेंसी चुन कर सरकारी खर्च पर दे दिया गया था नौ लाख का सॉफ्टवेयर
- पीपरा कचरा डंपिंग प्वाइंट समीपवर्ती एवं नगर के किसी अन्य पेट्रोल पंप से ईंधन लेने का प्रस्ताव पारित करने के साथ घारी पर बड़ी संख्या में मजदूरों की तैनाती पर बोर्ड ने लगाई रोक
- दुकानदारों से लूट खसोट के उद्देश्य से सोवाबाबू चौक बाइक स्टैंड सहित मीना बाजार के अन्य तीन सैरातों की जारी बंदोबस्ती प्रक्रिया पर बोर्ड ने रोक के प्रस्ताव को बहुमत से किया पारित

नगर निगम के विगत चुनाव संपन्न होने से पूर्व अत्यधिक 13 फीसदी के कमीशन पर चयनित प्रॉपर्टी टैक्स वसूली के लिए 'स्पैरो' एजेंसी का इकरारनामा को गुरुवार को संपन्न नगर निगम बोर्ड की बैठक में सर्वसहमति के आधार पर रद्द कर दिया गया है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र के कुल 46 वार्डों में उक्त आउट सोर्सिंग एजेंसी के द्वारा जारी टैक्स कलेक्शन के लिए बहुत ऊंचे कमीशन पर तीन प्लस दो कुल पांच साल के लिए चुन लिया गया था। उसमें भी वसूली में नागरिकों से लूट खसोट की शिकायत आए दिन मिल रही थी। श्रीमती सिकारिया ने यह भी बताया कि ऐसी धांधली के अतिरिक्त नगर आयुक्त के द्वारा उक्त बाहरी एजेंसी को नगर निगम के सरकारी खर्च पर करीब नौ लाख का सॉफ्टवेयर भी दे दिया गया था। नगर निगम बोर्ड की संपन्न बैठक के बाबत महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बोर्ड की बैठक में दिए गए ईंधन खर्च के ब्योरे में रोड स्वीपिंग मशीन, छोटा पोकलेन, फॉगिंग मशीन इत्यादि कार्य नहीं करने के बाद भी फर्जी बिल पर ईंधन भरवाया दिखाया गया है। जबकि पार्षदो द्वारा बताया गया कि बोर्ड गठन के बाद कभी काल रोड स्वीपिंग मशीन चलते हुए पाया गया है। वार्ड से संचालित गाड़ियों की अपेक्षा में निगम घारी पर डेढ़ गुना ईंधन की खपत दिखाना संदेहास्पद है। ईंधन के बहुत ज्यादा बिल करीब 37 लाख प्रतिमाह पर नियंत्रण के लिए नगर निगम के निर्धारित कचरा डंपिंग प्वाइंट के समीपवर्ती एवं नगर के किसी अन्य पेट्रोल पंप से ईंधन लेने का प्रस्ताव पारित किया गया है। ऐसा नहीं होने से नगर निगम के सरकारी कोष को लाखों का नुकसान हो रहा था। महापौर ने पारित प्रस्ताव के हवाले से यह भी बताया कि नगर निगम कार्यालय परिसर के घारी पर बड़ी संख्या में मजदूरों की तैनाती की आड़ में अरसे से जारी लूट खसोट और बंदरबांट पर रोक के लिए बोर्ड ने मजदूरों की संख्या को घटाने का निर्देश देकर प्रस्ताव पारित किया है। वही नगर के फुटपाथी दुकानदारों से लूट खसोट के उद्देश्य से सोवाबाबू चौक बाइक स्टैंड सहित मीना बाजार के अन्य तीन सैरातों की जारी बंदोबस्ती प्रक्रिया पर बोर्ड ने रोक का प्रस्ताव एवं विभागीय मार्गदर्शन प्राप्त करने को बहुमत से पारित किया है। महापौर ने बताया कि इसके साथ ही मीना बाजार के पास पूर्ववर्ती टांगा स्टैंड परिसर में बाइक व छोटे वाहन पार्किंग का नया स्टैंड कायम करके सघन शहरी क्षेत्र में जारी अवैध पार्किंग को रोकने के उद्देश्य से प्रताव भी बहुमत से पारित किया गया है। निगम के विभिन्न जगहों पर महिला चेंजिंग रूम बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है।



## बगहा एक मनरेगा योजना से पौधारोपण की हुई शुरुआत


चाणक्य भूमि बगहा

**बगहा।** जल जीवन हरियाली अभियान के तहत मनरेगा योजना से प्रत्येक पंचायत में होने वाले पौधा रोपण की शुरुआत हो गई है।वही इस योजना के संबंध में मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने बताया है कि एक यूनिट में दो सौ पौधा लगाया जाना है।वही कुल 240 यूनिट का टारगेट प्राप्त है।प्रखंड के 24 पंचायतों मे दो हजार पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस प्रकार पूरे प्रखंड मे 48 हजार पौधारोपण किया जाएगा और 31 जुलाई तक पौधारोपण को पूरा कर लिया जाएगा।वही प्रखंड के पंचायतो मे पौधा लगाने के लिए गड्ढे किए जा रहे है।











## मसान नदी से तमकुही गांव में कटाव जारी दहशत का माहौल

चाणक्यभूमि बगहा

बगहा में लगातार तीन दिनों से मुसलाधार बारिश होने से मसान नदी अपनी विकराल रुप धारण कर उफान पर है। जिससे मसान नदी के तटीय गांवों में नदी की रौद्र रुप देख लोगों में बेचैनी बढ़ गई है कि कहीं मसान नदी तटीय गांवों को अपनी आगोश में नहीं ले। प्रखंड बगहा एक के सलहा बरिअरवा पंचायत के झारमहुई व तमकुही गांव में मसान नदी अपनी विकराल रुप धारण कर ली है। जिससे स्थानीय लोगों में भय एवं दहशत का माहौल बना है। मसान नदी की तेज धारा दोनों गांवों को प्रभावित कर दिया है। जिससे दोनों गांवों में बाढ़ की पानी घुस गया है, तथा आवागमन भी प्रभावित है। रायबारी महुअवा पंचायत के मुखिया मो आजाद तमकुही , सिपाही मास्टर समेत झारमहुई गांव के नसीम अख्तर, सफीउर रहमान, बाढ बचाव संघर्ष समिति के खलीफ कुरैशी, नन्हें मुखिया, दीनदयाल समेत दर्जनों की संख्या में लोगों ने बताया कि लगातार बारिश होने से मसान नदी अपनी उफान पर है। तथा मसान नदी अपनी धारा को झारमहुई व तमकुही गांव के तरफ कर लिया है।

मसान नदी के कहर से तमकुही गांव के पुरब - उत्तर दिशा स्थित बगीचा व कब्रिस्तान की कटाव जारी है। साथ ही सरकारी विद्यालय में भी बाढ़ की पानी घुस गया है, पुरा गांव जलमग्न है। जिससे आवागमन भी प्रभावित है। उन्होंने बताया कि मसान नदी के तांडव से फसलों में बाढ़ की पानी घुस गई है। जिससे फसलों की नुकसान होने की संभावना व्यक्त की है।मसान नदी की तेज धारा होने से तमकुही - झारमहुई गांव जाने वाले सड़क से बाढ़ की पानी घुस रहा है गांव में। तथा झारमहुई गांव स्थित मदरसा के समीप पानी अधिक होने से रायबारी - महुअवा गांव से सम्पर्क टुट गया है। मसान नदी के तटीय गांव के लोगों ने आपदा विभाग व जिला प्रशासन से राहत व बचाव कार्य कराने की मांग की है।

## सीओ को बाढ़ ग्रस्त इलाको पर नजर रखने का दिया निर्देश

चाणक्य भूमि मझौलिया

सदर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार ने अंचलाधिकारी मझौलिया राजीव रंजन को सिकरहना नदी में बढ़ते जलस्तर पर नजर रखने का निर्देश दिया है।एसडीएम ने कहा है कि लगातार पोषक क्षेत्र के राजस्व कर्मचारी से प्रतिदिन नदी में बढ़ते जलस्तर का अनु श्रवण करते रहें। जमींदारी बांध पर पुरी निगरानी रखनी है। आपदा से निपटने के लिए सभी प्रकार के संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। प्रखंड के रामपुरवा महानवा डुमरी, हरपुर गढ़वा , बरवा सेमरा घाट ,गुदरा पंचायत में विशेष रूप से का बाढ़ का कहर की संभावना बनी रहती है।
















स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714